# उत्तर रेलवे

## रेलवे भर्ती सैल (आर आर सी)

लाजपत नगर–I, नई दिल्ली–110024

वेबसाईटः www.rrcnr.org

**रोजगार सूचना संख्या आरआरसी/एनआर 04/2017/सीक्यू**

### उत्तर रेलवे में वर्ष 2017-18 के लिए सांस्कृतिक कोटे पर भर्ती (7वें सीपीसी वेतनमेट्रिक्स का स्तर 2)

इच्छुक और पात्र अभ्यर्थियों से वेबसाईटः **www.rrcnr.org** जरिए उत्तर रेलवे में वर्ष 2017-18 के लिए 7वें सीपीसी वेतन मेट्रिक्स के स्तर 2 में चयन द्वारा सीधी भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इस अधिसूचना की प्रतिक्रिया में आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों और अनु. जाति/अनु. जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को सामान्य खुली बाजार प्रतिस्पर्धा में यथाः छूट प्रदान की जाएगी। हालांकि, यदि किसी को उपर्युक्त वर्गों का अभ्यर्थी होने के कारण कोई भी छूट देकर चयन किया जाता है, तो उस अभ्यर्थी को उसे आरक्षित रोस्टर प्वाइंट पर लिया जाएगा।

केवल आरआरसी वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण/भरने से अभ्यर्थी लिखित परीक्षा का पात्र नहीं बन जाता। अभ्यर्थी की पात्रता, पात्रता की शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन चयन प्रक्रिया के सभी चरणों पर अनंतिम है। उम्मीदवारों को उनके स्वयं के हित में परामर्श दिया जाता है कि वे वेबसाइट पर भारी लोड/जाम के कारण आवेदन जमा होने की विफलता की संभावना से बचने के लिए अंतिम तिथि से पहले ही ऑनलाइन आवेदन जमा कर दें।

| महत्वपूर्ण तिथि | |
|---|---|
| **रोजगार समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि** | 06.01.2018 |
| **ऑनलाइन पंजीकरण खोले जाने/आवेदन भरने की तिथि और समय** | 08.01.2018 को 11.00 बजे |
| **ऑनलाइन पंजीकरण बंद किए जाने की तिथि और समय** | 07.02.2018 को 17.00 बजे |
| **ऑनलाइन लिखित परीक्षा और प्रतिभा के आकलन की अपेक्षित तिथि** | 15.02.2018 से 15.03.2018 के बीच |

**1.0 पद, अर्हता का विवरण**

| क्र. सं. | पद (गैर-तकनीकी पोपुलर श्रेणी) | स्तर | अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1. | शास्त्रीय नृतक (कथक) = 01<br><br>की बोर्ड प्लेयर (जो हारमोनियम बजाने में प्रवीण हो) = 01 | 7वें सीपीसी वेतन मेट्रिक्स का स्तर 2 | **आवश्यक अर्हताः-**<br>**(i)** कम से कम 50% अंकों से 12वीं (+2 चरण) या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पूर्व-एस.एम. के मामले में 50% अनिवार्य नहीं है।<br>**(ii)** अभ्यर्थियों के पास, सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से शास्त्री नृतक (कथक) के लिए शास्त्रीय नृत्य (कथक) और की बोर्ड प्लेयर के लिए की बोर्ड/हार्मोनियम में डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाणपत्र होना चाहिए।<br>**वाछंनीय अर्हताः-**<br>**(i)** क्षेत्र में अनुभव और आकाशवाणी/दूरदर्शन आदि पर परफार्मेंस।<br>**(ii)** राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार विजेता। |

**2.0 आयु सीमाः - 01.01.2018 को** अभ्यर्थी की आयु 18 से 28 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अधिकतम आयु सीमा में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 05 वर्ष और अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 03 वर्ष की छूट है। सेवारत रेलव कर्मचारी 03 वर्ष की नियमित रेलवे सेवा पूरा कर लेने पर, अनारक्षित कर्मचारी 40 साल की आयु तक, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारी 45 वर्ष की आयु तक और अन्य पिछडा वर्ग के कर्मचारी 43 वर्ष की आयु तक पात्र हैं।

ऊपरी आयु सीमा में छूट नियमों के अनुसार लागू होगी।

**3.0 परीक्षा शुल्कः** परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन मोड से किया जाना है और लागू सेवा शुल्क अभ्यर्थियों द्वारा वहन किया जाएगा। अभ्यर्थी ध्यान दें कि आरआरसी/उत्तर रेलवे, अधूरे या लंबित ऑनलाइन परीक्षा शुल्क संव्यवहार के लिए जिम्मेदार नहीं है, चाहे जो भी कारण हो। ऐसे मामले में, अभ्यर्थी को परीक्षा शुल्क के भुगतान का नया/दोबारा संव्यवहार करते हुए आगे बढ़ना होगा।

(i) उप–पैरा (ii) में उल्लिखित अभ्यर्थियों को सिवाय सभी अभ्यर्थियों के लिएः रु. 500/– (पांच सौ) केवल आरआरसी/एनआर के पक्ष में ऑनलाइन भुगतान। इन श्रेणियों के अभ्यर्थियों को परीक्षा शुल्क तभी वापस किया जाएगा जब वे वास्तव में लिखित परीक्षा देंगे।

(ii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, महिला, अल्पसंख्यक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के लिएः रु. 250/– (दो सौ पचास रुपए) केवल। इन श्रेणियों के अभ्यर्थियों को परीक्षा शुल्क तभी वापस किया जाएगा जब वे वास्तव में लिखित परीक्षा देंगे।

(iii) अभ्यर्थी नोट करें कि यदि परीक्षा शुल्क वापस किया जाता है तो यह उसी स्रोत में अंतरित किया जाएगा जहां से यह आरआरसी के खाते में प्राप्त हुआ है।

<u>नोटः</u>- 'अल्पसंख्यक' से मुसलमान, ईसाई, बौद्ध, पारसी और सिख अभिप्रेत है। आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्गों से उन अभ्यर्थियों से अभिप्रेत है जिनके परिवार की आय प्रतिवर्ष 50,000/– रुपए से कम है। निम्नलिखित अधिकारी, आधिकारिक पिछड़े वर्गों की पहचान के प्रयोजनार्थ आय प्रमाण पत्र जारी करने के लिए अधिकृत हैं:

(क) जिला मजिस्ट्रेट या तहसीलदार के स्तर का कोई अन्य राजस्व अधिकारी।

(ख) लोक सभा का वर्तमान सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए

(ग) बीपीएल कार्ड या किसी मान्यता प्राप्त गरीबी उपशमन कार्यक्रम के तहत केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किया गया कोई अन्य प्रमाणपत्र या रेलवे द्वारा जारी इज्जत एमएसटी।

(घ) केन्द्रीय मंत्री देश में कहीं से भी किसी भी व्यक्ति की सिफारिश कर सकता है।

(ड) राज्य सभा का वर्तमान सांसद, उस जिले के व्यक्तियों के लिए जिसमें सांसद सामान्यतः रहता है।

उपरोक्त उल्लिखित अधिकारियों द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र, आरआरसी वेबसाइट पर अनुलग्नक के रूप में दिए गए प्रारूप के अनुसार होना चाहिए। इसे जारीकर्ता प्राधिकारी के लेटरहेड पर जारी करना होगा।

**3.0 भर्ती योजनाः** भर्ती प्रक्रिया निम्नानुसार होगीः–

| | |
|---|---|
| (क) लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ) | 50 अंक |
| (ख) निम्न के आधार पर संबंधित क्षेत्र में प्रतिभा का आकलन | |
| (i) व्यावहारिक प्रदर्शन | 35 अंक |
| (ii) प्रमाणपत्र/पुरस्कार आदि | 15 अंक |
| **कुल** | 100 अंक |

**4.0 मेडिकल परीक्षाः** नियुक्ति के लिए अनुशंसित अभ्यर्थियों को पद के लिए निर्धारित अपेक्षित मेडिकल फिटनेस स्वास्थ्य मानकों पर खरा उतरना होगा जिनकी पहचान उत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा की जाएगी।

**5.0 परिवीक्षा की अवधिः** 2 वर्ष

**6.0 प्रशिक्षण अवधिः** चयनित उम्मीदवार को पद, जिस पर उनका चयन किया गया है, की अपेक्षाओं के अनुसार प्रशिक्षण लेना होगा।

**7.0 समझौता/जमानत राशि/बंधपत्र, हस्ताक्षरित करने के लिएः** चयनित उम्मीदवारों को एक समझौते का निष्पादन करना होगा।

**8.0 तैनाती का स्थानः** चयनित उम्मीदवारों को पूरे उत्तर रेलवे में तैनात किया जाएगा।

**9.0 टंकण कौशल में प्रवीणताः** सांस्कृतिक कोटे से क्लर्क की श्रेणी में नियुक्त व्यक्ति को नियुक्ति की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर टंकण में प्रवीणता प्राप्त करनी होगी, और उनकी नियुक्ति निर्धारित अवधि के भीतर, निर्धारित टंकण अर्हता प्राप्त करने के अध्यधीन अनंतिम होगी (बोर्ड का पत्रांक ई (एनजी) II/98/आरआर 2/7 दिनांक 03.03.1999)।

**10.0 सामान्य निर्देशः**

(i) केवल आरआरसी वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण/आवेदन भरने से अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया के लिए पात्र नहीं हो जाता। खुले विज्ञापन कोटे पर सभी भर्तियां न्यूनतम वेतन मेट्रिक्स में वेतनमान पर होंगी।

(ii) विशिष्ट पद और तैनाती स्थान का निर्णय, उत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति करते समय किया जाएगा।

(iii) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है, हालांकि, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए जाति प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि अपलोड करनी होगी।

(iv) रेलवे प्रशासन के पास किसी भी स्थान पर पात्र अभ्यर्थियों की भर्ती का अधिकार सुरक्षित है।

(v) पात्रता, स्थान, तिथि, चयन, पद की स्वीकृति या अस्वीकृति, सिफारिश, तैनाती स्थान, ग्रेड आदि से संबंधित सभी मामलों पर उत्तर रेलवे प्रशासन का निर्णय अंतिम और अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा।

(vi) चयनित पात्र अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया के लिए परीक्षा और प्रवीणता परीक्षण स्थल पर एक दिन से अधिक समय तक रहना पड़ सकता है, जिसके लिए उन्हें अपनी स्वयं की व्यवस्था करनी होगी।

(vii) पहले से ही सरकार सेवा में नियोजित अभ्यर्थियों को नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र सहित ऑनलाइन आवेदन जमा करना होगा, जिसके बगैर उनका आवेदन पूरी तरह रद्द कर दिया जाएगा।

(viii) यदि कोई तथ्य छिपाया जाता है, जिससे उपरोक्त निर्धारित शर्तों का उल्लंघन होता है, तो अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता, भर्ती के किसी भी चरण पर खारिज की जा सकती है। रेलवे प्रशासन का निर्णय अंतिम और अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा।

(ix) **यात्रा व्ययः** केवल एससी/एसटी उम्मीदवारों को अपने निकटतम रेलवे स्टेशन से लिखित परीक्षा स्थल तक उनकी यात्रा के लिए द्वितीय श्रेणी के मुफ्त पास जारी किए जाएंगे। अन्य अभ्यर्थियों को अपनी स्वयं की व्यवस्था करना होगी। किसी भी कारण से यात्रा व्यय की कोई प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी। चयन प्रक्रिया में उपस्थित होने के लिए कोई यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ता/आवास नहीं दिया जाएगा। आवेदक को अपनी सांस्कृतिक वर्दी या संगीत वाद्ययंत्र लाना होगा। रेलवे प्रशासन, व्यावहारिक प्रदर्शन के समय उम्मीदवारों ये मदें प्रदान नहीं करेगा।

(x) रेलवे प्रशासन के पास अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण कोई भी तारीख तय करने, जो उचित समझे, स्थान परिवर्तन करने या परीक्षा/प्रवीणता परीक्षा स्थगित करने (अपनी सुविधा से), या इसे रद्द करने तक का अधिकार सुरक्षित है जिसके खिलाफ कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। तिथि और स्थल के परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

(xi) अभ्यर्थियों को प्रवीणता परीक्षा/दस्तावेजों के सत्यापन के दिन, ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ अपलोड किए गए सभी दस्तावेज, इनकी एक स्वः सत्यापित फोटो प्रतियों सहित (जन्मतिथि, मैट्रिक या समकक्ष प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, सांस्कृतिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र आदि) लाना चाहिए जिसके बिना उन्हें चयन में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अंग्रेजी या हिंदी के अलावा अन्य भाषाओं में प्रमाणपत्र के साथ स्वः अनुप्रमाणित अंग्रेजी/हिंदी अनुवाद होना चाहिए।

(xii) अभ्यर्थियों को आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख समाप्त हो जाने के बाद अल्पावधिक नोटिस पर लिखित परीक्षा/प्रवीणता परीक्षा आदि के लिए तैयार रहना चाहिए।

(xiii) भर्ती के सभी चरणों में उम्मीदवार का प्रवेश, निर्धारित पात्रता शर्त पूरा करने के अध्यधीन विशुद्ध रूप से अनंतिम होगा।

(xiv) सांस्कृतिक कोटे से भर्ती अभ्यर्थी की सेवा समाप्त कर दी जाएगी यदि भर्ती के लिए उसके द्वारा दी गई जानकारी और दस्तावेज किसी भी स्तर पर गलत/नकली पाई जाती/पाए जाते हैं।

(xv) किसी अभ्यर्थी द्वारा चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए शुल्क में छूट सहित पात्रता हासिल करने और/ अथवा विशेषाधिकार प्राप्त करने के लिए, तथ्यों की किसी भी वास्तविक तौर पर छिपाने या जाली प्रमाणपत्र/जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर उस विशेष भर्ती के लिए उसकी उम्मीदवारी को अस्वीकार कर दिया जाएगा जिसके लिए उन्होंने आवेदन किया है। इसके अलावा, उस पर देश भर में सभी आरआरबी/आरआरसी द्वारा आयोजित सभी परीक्षाओं से बहिष्कृत कर दिया जाएगा और यदि आवश्यक हो तो कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

(xvi) जिन उम्मीदवारों को सभी आरआरबी/आरआरसी परीक्षाओं से बहिष्कृत कर दिया गया है जो समयावधि अभी पूरी नहीं हुई है, उन्हें इस रोजगार नोटिस के जवाब में आवेदन करने की जरूरत नहीं है। भर्ती के किसी भी चरण के दौरान, जैसे एवं जब भी पता चलता है, उनकी उम्मीदवारी, खारिज कर दी जाएगी।

(xvii) मौजूदा नियमों के अनुसार रोजगार नोटिस के नियम और शर्तों में कोई भी परिवर्ती परिवर्तन मान्य होगा। आरआरसी के पास इस रोजगार नोटिस के तहत भर्ती के नियमों और शर्तों में किसी भी उत्तरवर्ती परिवर्तन/संशोधन/अधिवृद्धि/मंसूखी पर विचार करने/इसे शामिल करने का अधिकार सुरक्षित है।

(xviii) आरआरसी के पास भर्ती की प्रक्रिया के किसी भी चरण पर आवेदक की उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार है, यदि आवेदन में कोई भी अनियमितता/कमी पायी जाती है।

(xix) किसी भी कानूनी विवाद के लिए, न्याय क्षेत्र नई दिल्ली में ही होगा।

(xx) किसी निर्वचन या किसी भी गलती के बारे में किसी भी विवाद की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण को अंतिम माना जाएगा।

(xxi) किसी भी रूप में सिफारिश, दुर्व्यवहार या कदाचार से उम्मीदवारी पूरी तरह रद्द कर दी जाएगी और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

(xxii) उम्मीदवारों नोट करें कि शिक्षा, सांस्कृतिक अर्हता और जाति प्रमाणपत्र आदि सभी प्रासंगिक प्रमाण पत्र ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ अपलोड किए जाएंगे। मूल प्रमाण पत्र, आरआरसी/एनआर को भेजना जरूरी नहीं हैं और दस्तावेज सत्यापन/दक्षता परीक्षा के समय इनकी अपेक्षा होती है। ऐसा न किए जाने पर आवेदक को चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(xxiii) उम्मीदवारों को परामर्श दिया जाता है कि वे भर्ती प्रक्रिया के दौरान ऑनलाइन आवेदन में दिए गए अपने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी सक्रिय रखें क्योंकि सभी महत्त्वपूर्ण संदेश ईमेल या एसएमएस द्वारा भेजे जाएंगे और उन्हें अभ्यर्थियों द्वारा पढ़ा गया माना जाएगा।

(xxiv) परीक्षा दिल्ली में आयोजित की जाएगी और परीक्षा का माध्यम हिंदी या अंग्रेजी है।

**11.0 अमान्य आवेदनः** अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र और दस्तावेजों में पाई गई निम्न कमियों / विसंगतियों के कारण आवेदन अमान्य/अस्वीकृत किया जा सकता हैः–

(i) आवेदन निर्धारित प्रारूप में न हो और अपूर्ण या अपठनीय हो।

(ii) चयन प्रक्रिया के दौरान बिना फोटो आवेदन, बायें हाथ के अंगूठे के निशान, अहस्ताक्षरित आवेदन / अहस्ताक्षरित आवेदन/विभिन्न स्थानों पर बडे अक्षरों में या अलग–अलग हस्ताक्षर किए गए हों।

(iii) बिना परीक्षा शुल्क या कम शुल्क के साथ आवेदन किया गया हो।

(iv) जन्म तिथि, शैक्षिक योग्यता, सांस्कृतिक उपलब्धियों और जाति प्रमाणपत्र आदि के प्रमाण के बिना आवेदन किया गया हो।

(v) अधिक या कम उम्र, जन्म की तारीख भरी न हो या गलत भरी हो,

(vi) अपेक्षित प्रमाणपत्रों की स्व–प्रमाणित फोटोकॉपी अपलोड न की गई हों।

(vii) आवेदन करते समय अपेक्षित शैक्षिक योग्यता और सांस्कृतिक अर्हता न हो।

(viii) अंग्रेजी या हिंदी के अलावा किसी अन्य भाषा में भरे गए आवेदन।

(ix) कोई भी अन्य अनियमितता, जो आरआरसी द्वारा अमान्य मानी जाए।

**12.0 विविधः**

(i) रेलवे प्रशासन विज्ञापन में किसी भी अनजाने से किसी त्रुटि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। चयन के दौरान विभिन्न सूचनाओं के लिए उम्मीदवारों के साथ संपर्क का प्रमुख और मुख्य स्रोत आरआरसी की वेबसाइट होगी। अभ्यर्थियों को आवेदन/अभ्यर्थिता की जानकारी डाक द्वारा नहीं दी जाएगी।

(ii) यह रोजगार सूचना आरआरसी वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। किसी भी अस्पष्टता / विवाद के मामले में, दोनों संस्करणों में से अंग्रेजी संस्करण लागू होगा।

(iii) यदि किसी आवेदक को अपना आवेदन ऑनलाइन पंजीकृत करने में कठिनाई होती है, तो वे ऑनलाईन हेल्पलाइन पर संपर्क कर सकते हैं।

**हेल्पलाईन नंबर**

**9821418241, 9821418242, 9821827724**

**13.0 आवेदन किस प्रकार भरें:** ऑनलाईन आवेदन भरने के लिए अपनाए लाने वाले चरण "सांस्कृतिक कोटा ऑनलाईन/ई–रजिस्ट्रेशन/फिलिंग एप्लीनकेशन'' पर क्लिक करें।

⇩

अभ्यर्थी के लिए सूचना

⇩

**उम्मीदवार पंजीकरण** - विवरण अर्थात नाम, समुदाय, श्रेणी, मोबाईल नं., ई मेल आईडी और जन्म तिथि भरें और जमा करें। सफल पंजीकरण पर, उम्मीदवार को ईमेल आईडी का उपयोग करते हुए बाद में लॉग ईन हेतु पासवर्ड मिलेगा।

⇩

ऑनलाईन शुल्क का भुगतान करें और सफल संव्यवहार पर, **"अभ्यर्थी डेशबोर्ड जिसमें आवेदन पत्र, अपलोड फोटो/हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान और आवेदन का ब्यौरा/प्रिंट आएगा"।**

⇩

परीक्षा शुल्क भुगतान संव्यवहार आईडी प्रविष्ट करें, इसका सत्यापन करें और आवेदन पत्र भरें।

⇩

विवरण सेव करें, यदि अपेक्षित हो परिवर्तित करें और तदोपरांत सेव किए गए अंतिम विवरण सेव करें।

⇩

अभ्यर्थी डेशबोर्ड जिसमें आवेदन पत्र, अपलोड फोटो/हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान और आवेदन का ब्यौरा/प्रिंट हो, आएगा।

⇩

अब "उम्मीदवार डैशबोर्ड" में अपलोड फोटो लिंक पर क्लिक करें और जेपीजी फॉर्मेट में 10 से 50 केबी आकार वाले फोटोग्राफ, हस्ताक्षर और अंगूठे का निशान अपलोड करें एवं इमेजों को सेव एवं जाति, शैक्षिक और खेल आदि जैसे प्रमाणपत्र भी अपलोड करें। अब उम्मीदवार केवल रिकॉर्ड के लिए आवेदन और अभ्यर्थिता प्रयोजन के लिए शुल्क के भुगतान की पर्ची का प्रिंट ले सकते हैं।

**14.0 ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड किए जाने वाले संलग्नकः** अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज/प्रमाणपत्र अपलोड करने होंगे जिनके अपलोड न किए जाने पर आवेदन रद्द कर दिया जाएगा।

क. जन्म तिथि का प्रमाणपत्र (10 वीं या मैट्रिक उत्तीर्ण का प्रमाणपत्र)।

ख. पद के लिए निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक अर्हता और सांस्कृतिक अर्हता का प्रमाण।

ग. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक/आर्थिक रूप से पिछड़े आदि के अभ्यर्थियों के मामले में अनुलग्नक के अनुसार निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र (आरआरसी वेबसाइट अर्थात **www.rrcnr.org** से डाउनलोड किया जा सकता है।)

**अध्यक्ष**

**0000/2017** **रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर रेलवे**

# उत्तर रेलवे

## रेलवे भर्ती सैल (आर आर सी)

**लाजपत नगर-I, नई दिल्ली-110024**

**वेबसाईट: www.rrcnr.org**

## परिशिष्ट

दिनांक 06.01.2018 को रोजगार समाचार में प्रकाशित वर्ष 2017-18 के लिए सांस्कृतिक कोटे पर भर्ती हेतु रोजगार सूचना सं. आरआरसी/एनआर 04/2017/सीक्यू के संदर्भ में। **क्रम स. 1.0** में आवश्यक अर्हता शीर्षक के अंतर्गत, पद का विवरण तथा अर्हता को निम्नानुसार पढ़ा जाए, ''**कम से कम 50% अंकों से 12वीं (+2 चरण) या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। अनु. जाति/जनजाति/पूर्व एस.एम. तथा उच्च शिक्षा जैसे स्नातक/स्नातकोत्तर की शिक्षा रखने वाले एचएससी प्रत्याशियों के लिए 50% अंक अनिवार्य नहीं है।**''

**0000** **अध्यक्ष/आरआरसी/एनआर**